Regarding Need to provide stoppage of Train Nos. 20451/52 and 12059/60 at Tughlakabad Railway Station- Laid

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(दक्षिण दिल्ली) :** तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से पूर्व सोंगरिया सुपरफास्ट गाड़ी संख्या 20451- 20452 एवं जनशताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12059-12060 का ठहराव था । कोरोना काल में ट्रेनों का परिचालन रोका गया । उपरोक्त विषय में मैं बताना चाहता हूं कि फरीदाबाद, मथुरा, कोटा, बूदीं, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, करौली, भरतपुर (राजस्थान) के हजारों कर्मचारी, मजदूर वर्ग तथा अन्य लोग इन दोनों ट्रेनों पर यात्रा करते हुए तुगलाकाबाद स्टेशन पर उतरते थे और यही से अपने गंतव्य के लिए ट्रेन लेते थे । तुगलकाबाद स्टेशन पर ठहराव बंद होने के बाद उन्हें करीब 15 किमी. यात्रा करके नई दिल्ली स्टेशन आना पड़ता है । यह बहुत ही कष्टदायी है और इसके लिए उन्हें काफी पैसा भी खर्च करना पड़ता है । इसके लिए उनके कामकाज में भी आर्थिक नुकसान होता है । अतः मेरा निवेदन है कि तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन पर सोंगरिया सुपरफास्ट गाड़ी संख्या 20451- 20452 एवं जनशताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12059-12060 का ठहराव कराने की कृपा करें जिससे हजारों लोग इसका लाभ उठा सकें ।